## खबर संक्षेप

### मैहर में एन एस यू आई राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ का भव्य स्वागत

**मैहर।** एन एस यू आई के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अजिर बिहारी द्विवेदी के नेतृत्व में मैहर आगमन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़,पूर्व विधायक विपिन वानखेड़े और प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। मां शारदा की पावन नगरी में सभी अतिथियों को चुनरी और पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मैहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश भाई,रमेश प्रजापति और सेवादल अध्यक्ष अरुण तनय मिश्रा सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। युवाओं ने संगठन को मजबूत बनाने और छात्र हितों की लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में काफी संख्या में स्थानीय पदाधिकारी, युवा और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने मैहर में निकाली पर्यावरण जागरूकता रैली



**मैहर।** 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सतना द्वारा मैहर नगर में एक विशाल जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। ऐतिहासिक घंटाघर चौक से शुरू हुई यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए स्टेडियम परिसर में संपन्न हुई। रैली में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के डायरेक्टर राहुल द्विवेदी सहित अल्ट्राटेक,केजेएस और एमपी बिरला ग्रुप जैसे प्रमुख सीमेंट उद्योगों के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। हाथों में नारे लिखी तख्तियां थामे युवाओं और नागरिकों ने पर्यावरण बचाओ,पेड़ लगाओ के संदेश दिए। वक्ताओं ने लोगों से प्लास्टिक का उपयोग बंद करने और अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की।

### सिद्धेश्वर बालाजी धाम में वार्षिक उत्सव और संत समागम आज से



**सतना।** जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल सिद्धेश्वर बालाजी धाम में आज से भव्य 'संत दर्शन महोत्सव' और 'वार्षिक उत्सव' का शुभारंभ होने जा रहा है। धाम के पीठाधीश्वर आदर्श कृष्ण शास्त्री ने पत्रकार वार्ता में बताया कि यह आयोजन धार्मिक,सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का अद्भुत केंद्र बनेगा, जिसमें देश भर से पूज्य संतों का आगमन हो रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत शनिवार सुबह 8 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगी। इसके बाद मंडप पूजन,पंचांग पूजन और श्री हनुमंत महायज्ञ संपन्न होगा। महायज्ञ प्रतिदिन सुबह 8 बजे से नियमित रूप से चलेगा। वहीं,हर दिन शाम 4 बजे से 'श्री हनुमंत कथा' आयोजित की जाएगी। आयोजन के तहत बुधवार को विशेष अनुष्ठान,गुरुवार को भव्य संत सम्मेलन व भजन संध्या और शुक्रवार को पूर्णाहुति,हवन एवं विशाल भंडारे के साथ समापन होगा। इस महोत्सव में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता रहेगी तथा कई राज्यों के श्रद्धालु एवं यजमान अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे।

---

**कोठी थाना क्षेत्र के सोनौर मोड़ के पास हुआ भीषण हादसा, गंभीर रूप से घायल यात्री जिला अस्पताल रेफर**

# सतना-चित्रकूट हाइवे पर अनियंत्रित होकर पलटी यात्री बस: 25 से अधिक घायल; चीख-पुकार के बीच रेस्क्यू



**सतना।**

सतना-चित्रकूट स्टेट हाइवे पर शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है,जहाँ सवारियों से खचाखच भरी एक तेज रफ्तार यात्री बस अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। इस भीषण दुर्घटना में बस में सवार 25 से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा कोठी थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनौर मोड़ के पास घटित हुआ। बस के पलटते ही मौके पर कोहराम मच गया और चारों तरफ चीख-पुकार सुनाई देने लगी।

### स्थानीय लोगों और पुलिस ने संभाला मोर्चा

घटना की सूचना मिलते ही कोठी थाना पुलिस और भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों और पुलिस बल ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल युद्धस्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। बस के शीशे तोड़कर और फंसे हुए यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। सभी घायलों को एम्बुलेंस और निजी वाहनों की मदद से तुरंत कोठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया,जहाँ चिकित्सकों की टीम उनका उपचार कर रही है। डॉक्टरों के मुताबिक,कुछ यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं,जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया जा रहा है।

### चित्रकूट से सतना आ रही थी 'उपाध्याय बस'

मिली जानकारी के अनुसार,दुर्घटनाग्रस्त वाहन उपाध्याय बस सर्विस की है। शुक्रवार को यह बस प्रतिदिन की तरह चित्रकूट से सवारियां लेकर सतना की ओर आ रही थी,तभी सोनौर मोड़ के पास चालक नियंत्रण खो बैठा और बस सड़क किनारे पलट गई।

### जांच में जुटी पुलिस



हादसा किस वजह से हुआ-क्या बस की रफ्तार तेज थी,स्टीयरिंग फेल हुई या किसी वाहन को बचाने के चक्कर में यह मोड़ पर पलटी-इसका सटीक कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।कोठी थाना प्रभारी ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही पहला लक्ष्य सभी घायलों को त्वरित इलाज मुहैया कराना था, जिसके तहत सभी को अस्पताल पहुंचा दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर दुर्घटना के वास्तविक कारणों की जांच शुरू कर दी है। मौके से क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त बस को सड़क से हटाने की कार्रवाई की जा रही है ताकि यातायात बाधित न हो।

---

# सतना सेंट्रल जेल में 'डील': मुख्य प्रहरी सस्पेंड, सलाखों के पीछे गांजा-शराब पहुंचाने के वायरल ऑडियो की जांच शुरू

**सतना।**

**सुरक्षा के बड़े-बड़े दावों और सख्त पहरेदारी की दुहाई देने वाले सतना सेंट्रल जेल प्रशासन की साख उस वक्त तार-तार हो गई,जब जेल के भीतर नशीले पदार्थों और मोटी नकदी की सप्लाई का एक सनसनीखेज ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।**

इस ऑडियो ने साफ कर दिया है कि जेल की सलाखों के पीछे सिर्फ कैदी ही बंद नहीं हैं,बल्कि वहां कानून के रखवालों की सरपरस्ती में अपराध और नशे का एक समानांतर कारोबार बेखौफ फल-फूल रहा है। मामला सामने आते ही जेल महकमे में हड़कंप मच गया है। जेल अधीक्षक लीना कोष्टा ने त्वरित और कड़ा एक्शन लेते हुए आरोपी मुख्य प्रहरी राजेंद्र चौधरी को सस्पेंड कर दिया है।

### सोची-समझी 'स्ट्राइक' में फंसा कानून का रखवाला

यह पूरा मामला किसी फिल्मी स्क्रिप्ट जैसा है,जहां आरोपी प्रहरी को रंगे हाथों (डॉक्यूमेंट्री सबूत के साथ) पकड़ने के लिए बकायदा जाल बिछाया गया था। एक युवक ने अपने मोबाइल से मुख्य प्रहरी राजेंद्र चौधरी के नंबर पर कॉल किया और दूसरे फोन से इस पूरी बातचीत को रिकॉर्ड कर लिया।






### क्या है वायरल ऑडियो में?

ऑडियो में युवक जेल के भीतर बंद एक कैदी तक 25 ग्राम गांजा,एक शराब की बोतल और 5 हजार रुपए नकद पहुंचाने की खुली डील कर रहा है। हैरान करने वाली बात यह है कि कानून का पाठ पढ़ाने वाले मुख्य प्रहरी राजेंद्र चौधरी ने इस अवैध सामान को सुनकर मना करने या डांटने के बजाय,उसे बेहद सहजता से स्वीकार किया। प्रहरी युवक को सामान सुरक्षित रखवाने और खाना खाने के बाद खुद आकर उसे 'कलेक्ट' करने की बात कह रहा है।

### साइबर सेल को सौंपी जांच, कराई जाएगी वॉयस टेस्टिंग

हालांकि,यह ऑडियो किस तारीख का है,इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो पाई है, लेकिन जेल प्रशासन ने इसे बेहद गंभीरता से लिया है। जेल अधीक्षक लीना कोष्टा ने सख्त लहजे में कहा कि विभाग में भ्रष्टाचार और लापरवाही को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया,जिस व्यक्ति ने जिस नंबर से कॉल किया था,उस व्हाट्सएप नंबर को साइबर सेल भेज दिया गया है। पूरे मामले की बारीकी से जांच की जा रही है। आवाज की प्रामाणिकता की जांच के लिए आरोपी प्रहरी की वॉयस टेस्टिंग भी कराई जाएगी।

### तीखे सवाल: दावों की खुली पोल

इस घटना ने सेंट्रल जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर कई गंभीर और तीखे सवाल खड़े कर दिए हैं। जब जेल के मुख्य द्वार से परिंदा भी पर नहीं मार सकता,तो प्रहरी के भरोसे गांजा और शराब अंदर कैसे जा रहे थे? क्या यह पहली डील थी,या लंबे समय से जेल के भीतर नशे का यह खेल 'कमीशनखोरी' के दम पर चल रहा है? अगर जेल के भीतर गांजा,शराब और कैश इतनी आसानी से पहुंच सकते हैं, तो वहां बंद खूंखार अपराधियों पर लगाम कैसे कसी जाएगी? फिलहाल,मुख्य प्रहरी के सस्पेंशन के बाद अब हर किसी की नजर साइबर सेल की जांच पर टिकी है। देखना होगा कि इस 'जेल कांड' के पीछे और कितने सफेदपोश चेहरों के नकाब उतरते हैं।

---

## पर्यावरण संरक्षण का संदेश, प्रिज्म में उत्साह से मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस



**सतना।** प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड,सतना प्लांट में विश्व पर्यावरण सप्ताह 2026 का आयोजन उत्साह एवं जनभागीदारी के साथ किया गया। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस की थीम "प्रकृति से प्रेरित,जलवायु के लिए,हमारे भविष्य के लिए" रही। सप्ताहभर आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से कर्मचारियों,उनके परिवारजनों एवं स्थानीय समुदाय को पर्यावरण संरक्षण,जल संरक्षण,प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली तथा हरित भविष्य के प्रति जागरूक किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को प्लांट परिसर में व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पौधरोपण कर जैव विविधता संरक्षण,वायु गुणवत्ता में सुधार तथा जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रेसिडेंट एंड प्लांट हेड मनीष सिंह ने सभी कर्मचारियों से पर्यावरण संरक्षण को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। हेड-एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स एंड हेड कार्पोरेट एचआर डॉ मनीष कुमार सिन्हा ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अपने संदेश में कहा कि आज के दिन हम कम से कम एक पेड़ लगाकर आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं हरित भविष्य देने का संकल्प लें। प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के डीजीएम-सीएसआर एवं जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि विश्व पर्यावरण सप्ताह की शुरुआत 31 मई को 'रन फॉर एनवायरनमेंट' एवं वृक्षारोपण अभियान से हुई। कार्यक्रम में महिलाओं एवं बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े पोस्टरों के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को हतोत्साहित करने के लिए कॉलोनीवासियों को सूती कपड़े के थैले वितरित किए गए।

---

## विश्व पर्यावरण दिवस पर आरसीसीपीएल ने ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जागरूकता अभियान

**मैहर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आरसीसीपीएल मैहर की सामाजिक विकास शाखा द्वारा ग्राम भैंसासुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।कार्यक्रम में ग्राम सरपंच प्रताप सिंह बुंदेला,आर सीसी पीएल के प्रतिनिधि,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता,ग्राम के वरिष्ठ नागरिक,किशोर-किशोरियां एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत "ग्लोबल वार्मिंग","पृथ्वी बचाओ" और "पर्यावरण संरक्षण" विषयों पर चित्रकला प्रतियोगिता से हुई,जिसमें बच्चों और किशोरों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक के कम से कम उपयोग तथा स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। ग्राम सरपंच ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का अभियान नहीं,बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने गांव को हरा-भरा एवं स्वच्छ बनाने के लिए सभी से सहयोग की अपील की। कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक शाला परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान भी चलाया गया,जिसमें विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों ने मिलकर विद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्र की सफाई की। साथ ही लोगों को प्लास्टिक का उपयोग कम करने और पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। उल्लेखनीय है कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भैंसासुर,खेरवा कला,सलेहा एवं घुरवई गांवों में आयोजित गतिविधियों में कुल 105 बच्चों और किशोरों ने भाग लिया। आरसीसीपीएल की इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय में पर्यावरण संरक्षण,स्वच्छता और सतत विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। ग्रामीणों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और आने वाली पीढ़ियों को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



---

## चाणक्यपुरी कॉलोनी में बिना लाइसेंस चल रही रीपैकिंग यूनिट सील, भारी मात्रा में एक्सपायरी खाद्य सामग्री जब्त





**सतना।** जिला खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने चाणक्यपुरी कॉलोनी स्थित 'कृष्णा मार्ट' पर औचक कार्रवाई करते हुए खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन का बड़ा मामला उजागर किया है। अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा किए गए इस निरीक्षण में पाया गया कि यह प्रतिष्ठान बिना किसी वैध खाद्य लाइसेंस के संचालित हो रहा था। परिसर के भीतर अत्यंत अस्वच्छ और गैर-मानक परिस्थितियों में खाद्य तेल की रीपैकिंग की जा रही थी। इसके अलावा,रीपैक किए जा रहे तेल के पैकेटों पर बैच संख्या,पैकिंग तिथि,निर्माण एवं उपयोग अवधि जैसी कोई भी अनिवार्य वैधानिक जानकारियां अंकित नहीं थीं। जांच के दौरान स्टोर कक्ष से भारी मात्रा में ऐसे खाद्य उत्पाद भी बरामद हुए जिनकी उपयोग अवधि समाप्त हो चुकी थी,जिन्हें बेचने के लिए जमा करके रखा गया था। इन गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए प्रशासन ने प्रतिष्ठान को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभिषेक बिहारी गौर,अशोक कुर्मी और शीतल सिंह की टीम ने संदिग्ध तेल और एक्सपायरी सामग्री को जब्त कर लिया है। खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं,जिसके बाद कड़ी विधिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने आम जनता से भी अपील की है कि वे सामान खरीदते समय लेबल और एक्सपायरी डेट की जांच अवश्य करें।

---

# सीवर लाइन के ठेकेदार की लापरवाही से वार्डवासी परेशान, पेयजल संकट गहराया



**मैहर।** नगर में चल रहे सीवर लाइन के कार्यों में बरती जा रही लापरवाही का खामियाजा अब आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। वार्डवासियों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों के दौरान नेहरू सेंचुरी स्कूल के पास रेलवे पुलिया के समीप मुख्य पेयजल पाइप लाइन पिछले पांच दिनों से बार-बार क्षतिग्रस्त हो रही है,जिससे क्षेत्र की जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो गई है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार,जुलाहन टोला सहित आसपास के कई वार्डों में पानी की सप्लाई बाधित है। वहीं जिन घरों में पानी पहुंच रहा है,वहां गंदा एवं दूषित पानी आने की शिकायतें सामने आ रही हैं। इससे लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है और स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ गए हैं। वार्डवासियों का कहना है कि एक ओर सरकार जल संरक्षण और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है,वहीं दूसरी ओर सीवर लाइन निर्माण कार्य में बरती जा रही लापरवाही के कारण प्रतिदिन हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। बार-बार पाइप लाइन टूटने की घटनाएं ठेकेदार की कार्यप्रणाली और निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं। नागरिकों ने जिला प्रशासन,नगर पालिका और संबंधित विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि मामले का तत्काल संज्ञान लेकर दोषी ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की जाए तथा क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की स्थायी मरम्मत कर क्षेत्र में स्वच्छ एवं नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। वार्डवासियों का कहना है कि विकास कार्यों के नाम पर हो रही लापरवाही के कारण उन्हें पेयजल संकट और गंदे पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो नागरिक आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

---

# जिला बदर की अवधि खत्म होते ही अपराधी ने की ताबड़तोड़ फायरिंग, इलाके में दहशत

**सतना।** शहर के कोलगवां थाना अंतर्गत घूरडांग इलाके में शुक्रवार की शाम उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक बेखौफ अपराधी ने अपने साथियों के साथ मिलकर जमकर उत्पात मचाया। पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने न सिर्फ एक घर पर पथराव किया, बल्कि ताबड़तोड़ पांच राउंड हवाई फायरिंग कर पूरे इलाके को दहला दिया। पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत उसके साथियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### पुरानी रंजिश में बोला धावा

नगर पुलिस अधीक्षक देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि घूरडांग क्षेत्र में रहने वाले हर्ष प्रताप सिंह के घर के पास अमित सोनी उर्फ बंटा अपने चार अन्य साथियों के साथ पहुंचा था। पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियों ने पहले हर्ष के घर पर पथराव शुरू कर दिया और फिर दहशत फैलाने के उद्देश्य से एक के बाद एक पांच राउंड गोलियां चलाईं। गोलीबारी की इस घटना से पूरे इलाके में अफरा-तफरी और खौफ का माहौल निर्मित हो गया। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक, मुख्य आरोपी अमित सोनी उर्फ बंटा का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड है। हैरान करने वाली बात यह है कि आरोपी का हाल ही में जिलाबदर का कार्यकाल समाप्त हुआ था और आते ही उसने दोबारा बड़ी वारदात को अंजाम दे दिया। कोलगवां थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अमित सोनी और उसके चार साथियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।



---

# विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वच्छता कर्मियों का सम्मान



**मैहर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत एकलव्य आवासीय विद्यालय के मां शारदा ऑडिटोरियम में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी और भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने उपस्थित रहे। कार्यक्रम में परिसर के भीतर पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर नगर पालिका मैहर के सफाई सुपरवाइजर छोटे सिंह और मनोज प्रजापति को स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण में उत्कृष्ट कार्यों के लिए ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने समाज में स्वच्छता मित्रों के योगदान की जमकर सराहना की।

## खबर संक्षेप

### जिला चिकित्सालय में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिलाई शपथ



**पन्ना।** विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला चिकित्सालय पन्ना में पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला चिकित्सालय परिसर में अधिकारी-कर्मचारियों ने पौधरोपण किया। सिविल सर्जन डॉ. आलोक कुमार गुप्ता ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। आमजनों को पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूक करने के लिए जनजागरूकता रैली भी निकाली गई। जिला चिकित्सालय प्रशासन द्वारा सभी कर्मचारियों से पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने तथा स्वच्छ व हरित वातावरण के निर्माण के लिए सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया गया।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने दिया विकास और पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**पन्ना।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पन्ना नगर के पहाड़ कोठी स्थित अटल पार्क एवं अजयगढ़ बायपास रोड स्थित कचरा प्रसंस्करण केंद्र में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम विकास, पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी का सशक्त उदाहरण बनकर सामने आया। पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने षएक पेड़ मां के नामष अभियान के अंतर्गत पौधारोपण करते हुए कहा कि पन्ना का विकास केवल आधारभूत संरचनाओं के निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित और समृद्ध भविष्य का निर्माण करना भी हमारी प्राथमिकता है।कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष मीना विष्णु पाण्डेय, उपाध्यक्ष आशा गुप्ता, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाश गुप्ता कलेक्टर ऊषा परमार पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद विधायक ने कचरा प्रसंस्करण केंद्र का निरीक्षण कर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।अपने संबोधन में बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ किया गया षएक पेड़ मां के नामष अभियान केवल पौधारोपण का कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति और मातृत्व के प्रति सम्मान का प्रतीक है। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने, जल संरक्षण को अपनाने और स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया।कार्यक्रम के अंत में सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों ने वृक्षारोपण कर विकसित, समृद्ध, स्वच्छ और हरित पन्ना के निर्माण का संकल्प लिया।

## दक्षिण पन्ना ने तैयार किया अनोखे वृक्षों का अद्वितीय दस्तावेज़

# 1,353 विशिष्ट वृक्षों का सर्वेक्षण; सदियों पुराने वृक्षों की पारिस्थितिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत को किया गया अभिलेखित



**पन्ना।**

दक्षिण पन्ना वनमंडल द्वारा जिले की प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक धरोहर स्वरूप विशिष्ट वृक्षों के संरक्षण एवं अभिलेखन की दिशा में एक अभिनव पहल करते हुए षइन्क्रेडिबल ट्रीज़ ऑफ साउथ पन्नाष नामक विस्तृत दस्तावेज़ तैयार किया गया है। इस सर्वेक्षण में वनमंडल के छह वन परिक्षेत्रों, 178 ग्रामों तथा 26 प्रमुख वृक्ष प्रजातियों के कुल 1,353 उल्लेखनीय वृक्षों का दस्तावेज़ीकरण किया गया है। यह कार्य वन विभाग के मैदानी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा व्यापक क्षेत्रीय सर्वेक्षण, स्थानीय जनज्ञान एवं स्थल निरीक्षण के आधार पर किया गया। दस्तावेज़ में ऐसे वृक्षों को शामिल किया गया है जो अपने असाधारण आकार, दीर्घायु, जैव विविधता संरक्षण में भूमिका, धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व अथवा स्थानीय इतिहास से जुड़े होने के कारण विशेष पहचान रखते हैं। सर्वेक्षण में आम, महुआ, पीपल और बरगद जैसी प्रजातियों का प्रभुत्व पाया गया, जबकि अनेक वृक्ष ग्रामीण समुदायों के लिए पूजा स्थलों, ग्राम चौपालों तथा सामाजिक आयोजनों के केंद्र के रूप में भी दर्ज किए गए हैं। लगभग 649 वृक्ष धार्मिक अथवा सांस्कृतिक महत्व से जुड़े पाए गए, जबकि 88 वृक्ष चमगादड़ों एवं 238 वृक्ष मधुमक्खियों के महत्वपूर्ण आवास के रूप में चिन्हित किए गए हैं। इस महत्वपूर्ण दस्तावेज़ीकरण अभियान में वन विभाग के मैदानी अमले की विशेष भूमिका रही। श्रीमती रंजना नागर, श्री जगदीश अहिरवार, श्री उमाशंकर पाल, श्री उदयभान सिंह, श्री महेन्द्र अग्रहरी तथा श्री रावेन्द्र सिंह बागरी सहित अनेक वनकर्मियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देते हुए वृक्षों का सर्वेक्षण, मापन, फोटोग्राफी एवं स्थानीय जानकारी का



संकलन किया। इनके प्रयासों से दक्षिण पन्ना की प्राकृतिक धरोहर का एक व्यवस्थित अभिलेख तैयार हो सका। सर्वेक्षण में काल्दा परिक्षेत्र के जुरसिंहा ग्राम स्थित विशाल बरगद को वनमंडल का सबसे बड़ा वृक्ष दर्ज किया गया, जिसकी परिधि लगभग 1500 सेंटीमीटर मापी गई। दस्तावेज़ में ऐसे अनेक वृक्षों का भी उल्लेख है



जो स्थानीय जनश्रुतियों के अनुसार कई पीढ़ियों से ग्रामीण जीवन, संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण के साक्षी रहे हैं। वन विभाग का उद्देश्य इन वृक्षों के महत्व को व्यापक समाज तक पहुँचाना, उनके संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा भविष्य में इनके संरक्षण हेतु वैज्ञानिक एवं सामुदायिक प्रयासों को प्रोत्साहित करना है।

# कंकाली माता मंदिर के पास परिसर में विधिवत मां के आशीर्वाद पूजन-अर्चन के बाद विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण



**विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर पवई विधायक प्रहलाद लोधी की उपस्थिति में जिले के जिला प्रशासन की मुखिया कलेक्टर पन्ना वहीं पुलिस अधीक्षक तथा दक्षिण वन मण्डल अधिकारी व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में वृहद वृक्षारोपण किया गया। वहीं मां कंकाली के आर्शीवाद के साथ पूजा-अर्चन हवन पूजन भी इस कार्यक्रम के पूर्व किया गया। निश्चितौर पर यह आयोजन हमारे जिले के साथ-साथ प्रदेश के लिए भी कहीं न कहीं संदेश दे रहा है। क्योंकि पृथ्वी मां में जहां वृक्षारोपण जो प्रकृति को सजाने के लिए मां कंकाली के आर्शीवाद से आज यह वृहद आयोजन पवई विधायक प्रहलाद लोधी की उपस्थिति में जमीनी पटल पर वास्तविकता के साथ सार्थक साबित करने की दिशा को लेकर जाना जायेगा।**

**पवई**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बनौली स्थित कंकाली माता मंदिर परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पवई विधायक, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक (एसपी) एवं मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) सहित प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। पवई विधायक प्रहलाद लोधी ने कार्यक्रम में आए सभी प्रशासनिक अधिकारी सभी जनप्रतिनिधियों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर अतिथियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। ये न केवल शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अधिकारियों ने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। विश्व पर्यावरण दिवस के इस आयोजन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया गया।

## गुन्नौर नगर परिषद में भ्रष्टाचार और पेयजल संकट पर फूटा गुस्सा, जनप्रतिनिधियों में आक्रोश



**गुन्नौर।** नगर परिषद गुन्नौर में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार, मूलभूत सुविधाओं के अभाव और प्रशासनिक तानाशाही के खिलाफ स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सीधे तौर पर मोर्चा खोल दिया है। वार्ड नंबर 8 से भाजपा पार्षद प्रतिनिधि सुरेंद्र रैकवार और कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अरुण कुमार गौतम ने संयुक्त रूप से प्रशासन को ज्ञापन भेजकर उग्र आंदोलन की दोटूक चेतावनी दी है।कागजों में लाखों का खेल, जमीन पर जालियां गायब जनप्रतिनिधियों ने नगर परिषद पर श्जाली घोटालेश का गंभीर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि कागजों पर लाखों रुपये का बजट पास कराकर जमीन पर महज 500 मीटर से भी कम के दायरे में नाममात्र की जालियां लगाई गईं। अधिकांश पेड़ सूख चुके है पूर्ण में पेड़ो में लगाई गई जालियां मौके से गायब हैं, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर भी जनता का भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। इसके साथ ही नगर में हो रहे अन्य निर्माण कार्यों की गुणवत्ता भी बेहद खराब है, जिसकी कोई निष्पक्ष जांच नहीं कराई जा रही। वहीं बूंद-बूंद पानी को लोग तरस रहे हैं, टैंकरों पर रसूखदारों का कब्जा रिकॉर्ड तोड़ गर्मी के बीच नगर में भीषण पेयजल संकट गहरा गया है। आरोप है कि सरकारी पानी के टैंकरों पर रसूखदारों ने कब्जा कर रखा है, जिससे आम जनता काम-धंधा छोड़कर बूंद-बूंद पानी के लिए भटकने को मजबूर है। इसके अलावा रिहायशी इलाकों में भारी वाहनों का तांडवनगर के रिहायशी इलाकों के बीच से दिन-रात भारी वाहन गुजर रहे हैं। इन ओवरलोड वाहनों के कारण दुर्घटना की स्थिति बनी रहती हैं और घनी आबादी वाले क्षेत्रों में हर वक्त बड़े हादसों का खतरा बना रहता है। जिसको देखते हुए जागरूक नागरिकों का संबंधित विभाग से समाचार पत्रों के माध्यम से अपील है कि समय पर समस्याओं का निराकरण किया जाए जिससे लोगों को हो रही परेशानी से निजाद मिल सके।

# पर्यावरण दिवस के अवसर पर शाहनगर नर्सरी में हुआ पौधरोपण, एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगाए गए पौधे



**शाहनगर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शाहनगर नर्सरी परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में षएक पेड़ मां के नामष अभियान के तहत पौधे लगाए गए। उपस्थित लोगों ने अपनी माताओं के सम्मान में एक-एक पौधा रोपित कर उसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी ली। वक्ताओं ने कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विश्व पर्यावरण दिवस पर लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी देखभाल करने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने हरित एवं स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण में अपना योगदान देने का संकल्प लिया।

**आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू एवं लोहे का कड़ा किया गया बरामद**

# पन्ना पुलिस द्वारा रैपुरा थाना क्षेत्रान्तर्गत प्राणघातक हमला करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन मे गठित थाना रैपुरा पुलिस टीम द्वारा प्राणघातक हमला करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू एवं लोहे का कड़ा बरामद करने में सफलता प्राप्त की गई है। फरियादी छोटे लाल लोधी निवासी ग्राम रैपुरा द्वारा थाना रैपुरा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि ग्राम अधराड़ में आयोजित एक शादी समारोह के दौरान चाट-फुल्की खाने की बात को लेकर विवाद हुआ था। उक्त विवाद के बाद रात्रि लगभग 11:30 बजे आरोपी सोनू रैकवार एवं राहुल रैकवार द्वारा सौरभ लोधी, शिवम लोधी एवं राजकिशोर लोधी के साथ गाली-गलौज करते हुए चाकू से जानलेवा हमला किया गया। बीच-बचाव करने आए कुलदीप रैकवार को भी आरोपियों द्वारा घायल कर दिया गया। घटना में घायल व्यक्तियों को उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाया गया, जहां गंभीर रूप से घायल राजकिशोर लोधी एवं शिवम लोधी को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। मामले मे फरियादी की रिपोर्ट पर थाना रैपुरा में अपराध पंजीबद्ध कर धारा 296, 115(2), 118(1), 351(3), 3(5) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के अंतर्गत विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पीड़ितों को गंभीर चोटें पाए जाने पर धारा 109(1) बीएनएस की वृद्धि की गई। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा अतरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वन्दना चौहान एवं एस.डी.ओ.पी. श्रीमती भावना दांगी के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी रैपुरा उनि स्मिता सिंह बघेल के नेतृत्व मे विशेष पुलिस टीम गठित कर फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त पुलिस टीम द्वारा मामले के फरार आरोपियों की लगातार तलाश पतारसी की गई साथ ही मुखविर सक्रिय किये गये एवं तकनीकि सहायता सायबर सेल पन्ना से प्राप्त की गई साथ ही संभावित स्थानो मे लागातार दविश दी गई जिसके फलस्वरूप दिनांक 04.06.2026 को आरोपी राहुल रैकवार पिता कलुआ रैकवार, उम्र 24 वर्ष एवं सोनू रैकवार पिता तेजीलाल रैकवार, उम्र 23 वर्ष दोनों निवासी ग्राम अधराड़, थाना रैपुरा, जिला पन्ना (म.प्र.) को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू एवं लोहे का कड़ा बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपियों को माननीय न्यायालय पवई के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**सराहनीय योगदान-**

थाना प्रभारी रैपुरा उनि स्मिता सिंह बघेल, प्र.आर. बाबू सिंह, रवि खरे, आर. राहुल सिंह, राजेश पटेल, अतुल मेहरा एवं सायबर सेल टीम पन्ना का सराहनीय योगदान रहा।

## गढ़ीपड़रिया हायर सेकेंडरी भवन का हैंडओवर लगभग 5 वर्षों से लंबित, विद्यार्थियों को हो रही परेशानी



**पन्ना।** मध्यप्रदेश पन्ना जिले की ग्राम पंचायत गढ़ी पड़रिया में निर्मित हायर सेकेंडरी स्कूल भवन पिछले करीब 5 वर्षों से हैंडओवर का इंतजार कर रहा है। भवन निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद पीआईयू विभाग की लापरवाही और बिजली कार्य अधूरा रहने के कारण भवन का उपयोग शुरू नहीं हो सका है। इसका खामियाजा क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है। गढ़ी पड़रिया में हायर सेकेंडरी विद्यालय के लिए नए भवन का निर्माण कराया गया था, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिल सकें। स्थानीय लोगों के अनुसार ठेकेदार ने स्वीकृत राशि के अनुरूप भवन निर्माण का कार्य पूरा कर दिया है, लेकिन बजट के अभाव में विद्युत कार्य आज तक पूरा नहीं हो सका। बताया जा रहा है कि बिजली कनेक्शन और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण न होने के कारण पीआईयू विभाग द्वारा भवन का हैंडओवर शिक्षा विभाग को नहीं दिया गया है। नतीजतन नया भवन वर्षों से उपयोग के बिना पड़ा हुआ है, जबकि छात्र-छात्राएं पुराने और सीमित संसाधनों वाले भवन में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों और अभिभावकों का कहना है कि यदि समय रहते भवन का हैंडओवर कर आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर दी जाएं तो विद्यार्थियों को बेहतर वातावरण में शिक्षा मिल सकेगी। उन्होंने प्रशासन से जल्द हस्तक्षेप कर भवन को हैंडओवर कराने और शेष कार्य पूर्ण कराने की मांग की है। अब देखना होगा कि जिला प्रशासन और संबंधित विभाग इस लंबे समय से लंबित मामले पर कब संज्ञान लेते हैं और विद्यार्थियों को नए भवन की सुविधा कब तक मिल पाती है।

## भारतीय स्टेट बैंक शाखा देवेंद्रनगर मे मनमानी का आलम

**पन्ना।** देवेंद्रनगर की भारतीय स्टेट बैंक शाखा मे जम कर कर्मचारियों द्वारा मनमानी की जा रही है आये दिन ग्राहकों को खाली हाथ लौटाया जा रहा है आलम ये है की कभी पांच या 10 हजार रुपयों की निकासी की जाती है तो कभी गांव से आये वृद्ध या महिलाओं को खाली हाथ ही वापस किया जा रहा है जानकारी के अनुसार शाखा मे पास बुक एंट्री नहीं की जाती है एंट्री के लिए कर्मचारियों द्वारा बाहर से कियोस्क संचालक के यहाँ से एंट्री करवाने के लिए कहा जाता है जहाँ कियोस्क द्वारा मनमानी पैसा लेकर ग्राहकों के पास बुक एंट्री की जाने की जानकारी प्राप्त हुई है वही बैंक मे तायनात गार्ड बैंक के दरवाजे की जगह साखा परिसर मे बढ़यिा ए सी की हवा खाते या ग्राहकों को धमकाते हुए देखा जा रहा है सुरक्षा परिसर के अंदर नहीं बाहर आवश्यक है परिसर के अंदर तो नहीं लेकिन बाहर बैग आदि छुड़ा कर भागने की घटनायें संभवतः ज्यादा होन सकती है आम जन की माँग है की बैंक प्रबंधन द्वारा व्यवस्थाएं ठीक की जाएँ।

# प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर डिघौरा मंदिर प्रांगण में कांग्रेस ने किया वृक्षारोपण



**गुनौर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना के महासचिव कुलदीप सिंह डिघौरा के नेतृत्व में एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार आयोजित हुआ धार्मिक स्थल पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कार्यक्रम के तहत महासचिव कुलदीप सिंह डिघौरा और अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री योगेश्वर धाम सरकार डिघौरा मंदिर प्रांगण में आम के फलदार पौधे रोपे। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को पर्यावरण को शुद्ध रखने और प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने का संकल्प भी दिलाया। इस मौके पर जिला महासचिव कुलदीप सिंह डिघौरा ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के आदेशानुसार आज पूरे प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में डिघौरा मंदिर प्रांगण में छायादार और फलदार आम के पौधे लगाकर धरती को हरा-भरा बनाने का संदेश दिया गया है। उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि केवल पौधा लगाना ही काफी नहीं है, बल्कि उसका संरक्षण और पालन-पोषण करना भी हम सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर स्थानीय नागरिक, बूथ कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दिया।

## कलेक्टर ने महाराज सागर तालाब के साफ-सफाई कार्य का लिया जायजा

**पन्ना।**



जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिला प्रशासन के तत्वाधान में शासकीय विभागों के सहयोग से गत दिवस पन्ना नगर के प्राचीन महाराज सागर तालाब की स्वच्छता और साफ-सफाई के लिए सामूहिक मुहिम आरंभ की गई है। इस क्रम में कलेक्टर ऊषा परमार द्वारा शुक्रवार को तालाब स्थल पहुंचकर साफ-सफाई गतिविधियों का जायजा लिया गया। उन्होंने सतत मॉनीटरिंग कर समय-सीमा में स्वच्छता संबंधी कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही गतिविधियों और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा भी की। जिला कलेक्टर ने इस प्रयास की सराहना कर जल स्त्रोतों को निरंतर स्वच्छ बनाए रखने की अपील की। मौका स्थल पर उपस्थित अधिकारियों से कार्य पूर्णता के संबंध में जानकारी लेकर तालाब में शहर के दूषित जल स्त्रोत को बंद कराने के लिए भी निर्देशित किया। तालाब परिसर का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। इस मौके पर परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार सहित उप संचालक पशुपालन डॉ. एन.के. गुप्ता एवं जिला परियोजना प्रबंधक आजीविका मिशन प्रमोद शुक्ला भी उपस्थित रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में किया गया वृक्षारोपण



**पन्ना।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के आदेशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पन्ना में जिला अध्यक्ष अनीश खान की उपस्थिति में वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष अनीष खान, एडवोकेट राजेश तिवारी, कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम जड़यिा ,मार्तंड देव बुंदेला, ब्लॉक अध्यक्ष रमा बुंदेला, संगठन महासचिव राजबहादुर पटेल, मीडिया प्रभारी राकेश शर्मा, जन्मेजय अर्जरिया,आस्था तिवारी ,कदीर खान ,सुरेंद्र सिंह ठाकुर ,रियासत खान, अरविंद सोनी,रामदास जाटव, सौरभ पटेरिया ,मुकेश दुबे , कुलदीप तिवारी, अवधेश यादव, अजय वाजपेई, सुरेन्द्र सेन,राहुल तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



## अमानगंज एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत हुआ महा-वृक्षारोपण

**अमानगंज।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत नगर को स्वच्छ, सुंदर और हरा-भरा बनाने के संकल्प के साथ नगर परिषद अमानगंज द्वारा 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस वृहद स्तर पर मनाया जाएगा। इस वर्ष पर्यावरण दिवस '**A Global Call for Climate Action**' थीम पर केंद्रित है, जिसके तहत नगर में विभिन्न जागरूकता और बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।नगर परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने बताया कि पर्यावरण दिवस के मुख्य कार्यक्रम की शुरुआत सुबह गरिमामयी उपस्थिति में सामूहिक पर्यावरण शपथ के साथ होगी। इसके पश्चात निकाय के प्रमुख प्रोजेक्ट साइट्स जैसे मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (**MRF**) प्लांट, ट्रेंचिंग ग्राउंड और फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (**FSTP**) परिसर में सघन वृक्षारोपण (**Mega Plantation Drive**) किया जाएगा। इस अभियान के तहत लगाए जाने वाले पौधों की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम भी किए गए हैं ताकि उनका जीवित रहना सुनिश्चित हो सके।सिंगल-यूज़ प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध की अपीलःपर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्य बाजार और व्यवसायिक क्षेत्रों में विशेष 'पॉलीथिन प्रतिबंध' मुहिम चलाई जाएगी, जिसमें दुकानदारों और नागरिकों को कपड़े के थैले उपयोग करने की समझाइश दी जाएगी। साथ ही, घरों से निकलने वाले गीले कचरे के सही निपटान के लिए नागरिकों को 'होम कंपोस्टिंग' (घरेलू खाद निर्माण) के प्रति जागरूक किया जाएगा। नगर परिषद ने सभी अमानगंज वासियों से अपील की है कि वे इस पर्यावरण दिवस पर अपने घर, वार्ड या आसपास कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और धरती को प्लास्टिक मुक्त बनाने में अपना सहयोग दें।

## क्षीरसागर के हनुमान मंदिर से रामसर्व कल्याण समिति ने की वृहद स्वच्छता अभियान की शुरुआत



**पन्ना।** नगर के प्राचीन मंदिरों और विभिन्न पर्यटक स्थलों की सुंदरता व स्वच्छता को अक्षुण्ण बनाए रखने के उद्देश्य से रामसर्व कल्याण समिति द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। समिति ने नगर में एक वृहद स्वच्छता अभियान का शंखनाद किया है, जिसके तहत ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों की साफ-सफाई की जाएगी।इस वृहद अभियान का विधिवत शुभारंभ पन्ना नगर के प्राचीन क्षीरसागर स्थित हनुमान मंदिर (बीच के बगीचा बेनीसागर तालाब) से किया गया। अभियान के पहले चरण में समिति के सभी सदस्यों ने एकजुट होकर मंदिर प्रांगण और उसके आसपास बिखरे सूखे पत्तों, पॉलीथीन और अन्य कचरे को साफ किया। इसके बाद पानी का टैंकर मंगवाकर पूरे मंदिर परिसर और बाहरी प्रांगण को पानी से धोकर पूरी तरह स्वच्छ और चमचमाता हुआ बनाया गया।

### प्रमुख पदाधिकारियों की रही मौजूदगी-

स्वच्छता के इस महाअभियान के दौरान रामसर्व कल्याण समिति की अध्यक्ष स्नेहलता पाराशर और सचिव नितिन यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही पूजा पाराशर, बंटी नामदेव, अभिषेक पाराशर, प्रभाकर वर्मा, ध्रुव पाठक सहित समिति के अनेक कर्मठ सदस्यों ने श्रमदान कर इस अभियान को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। समिति का संकल्प है कि नगर के अन्य धार्मिक और पर्यटन केंद्रों पर भी यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## टौरिया मोहल्ले में 2 वाहनों की टक्कर की घटना के बाद मचा बवाल

# हिन्दूवादी संगठनों एवं सर्व समाज नें उग्र प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन, आरोपियों के मकानों में बुल्डोजर चलाने की मांग

**छतरपुर।** शहर का साम्प्रादायिक माहौल उस समय बिगाडऩे का काम किया गया जब टौरिया मोहल्ला निवासी योगेन्द्र रजक अपनी पत्नि वा छोटी बच्ची के साथ ललौनी तिग्गडा जा रहे थे। तभी टौरिया मोहल्ला पुलिस चोकी के पास जुल्फी खान ने अपनी पल्सर मोटर साईकिल से योगेन्द्र रजक की स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर लगने पर थोड़ा बाद विवाद हुआ और बात गाली गलौज तक पहुंच गई, वहीं जुल्फी खान ने अपने साथियों को फोन घुमाकर मोके पर बुलाया। तब आधा दर्जन लोग ब्रेजा कार से लाठी डड़ा लिए हुए मौके पर पहुंचे और योगेन्द्र रजक व उसकी पत्नी के साथ मारपीट की तथा आरोपियों ने उसकी मासूम बच्ची को सड़क पर उठाकर फेंक दिया।



इस घटना के बाद योगेन्द्र रजक ने अपने बहनोई जय प्रकाश रजक को फोन पर दुर्घटना की सूचना दी सूचना मिलने पर जयप्रकाश रजक अपने पत्रकार साथी उमाशंकर पटेल के साथ घटना स्थल पर पहुंचा। जब इन लोगों ने मौके पर कुछ लोगों को हथियार लिए देखा तो फोटोशूट करने लगे तभी आरोपियों ने पत्रकार उमाशंकर पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे उमाशंकर पटेल का सिर फट गया और निसार खान पक्ष के कई लोग हथियारों से लैस होकर मौके पर पहुंच गए। माहौल बिगड़ता देखकर योगेन्द्र रजक ने भी हिन्दू संगठनों को फोन लगाया और पुलिस तक खबर पहुंच गई। खबर मिलने पर टीआई ने दो आरक्षकों को मौके पर भेजा आरक्षक कुछ कर पाते इससे पहले ही आरक्षकों के साथ भी झूमाझपटी की गई। जिससे दोनों आरक्षकों की नेम प्लेट टूट गई और बर्दी के बटन टूट गए खबर पाकर बजरंग दल सहित कुछ हिन्दू संगठनों के लोग पहुंच गए, वहीं पुलिस को जब इस बात की जानकारी लगी कि आरक्षकों के साथ झूमाझपटी की गई है तो कोतवाली टीआई सतीश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और वहां का माहौल देखकर अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया। पुलिस के पहुंचने पर सभी आरोपी अपने अपने घरों में दुबक गए। फिर टीआई सहित कई पुलिसकर्मी निसार खान के घर पहुंचे और जो बीमार होने का बहाना बना रहा था निसार खान को घर से उठाकर ले जाया गया। रात दो बजे तक माहौल काफी गरमागर्म रहा। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, एडीशनल एसपी आदित्य पटले, सीएसपी अरूण कुमार सोनी मौके पर पहुंचे इसके पहले सभी थानो की पुलिस ने मोर्चा संभालकर निसार खान सहित तीन को गिरफ्तार कर लिया, हालांकि गिरफ्तारी के दौरान महिलाओ ने काफी विरोध भी किया। देर रात पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया और भारी पुलिस बल तैनात कर दिया। इसके बाद कोतवाली में उक्त लोगों के विरूद्व 3 एफआईआर अलग अलग दर्ज कराई गई। एक एफआईआर पीड़ित योगेन्द्र रजक की तरफ से गंभीर धाराओं में दर्ज की गई, तो वहीं दूसरी एफआईआर आरक्षक परिहार की रिपोर्ट पर शासकीय कार्य में बांधा सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया और तीसरी एफआईआर घायल पत्रकार उमाशंकर पटेल की रिपोर्ट पर दर्ज की गई। इस एफआईआर मे आरोपियों पर जानलेवा हमला सहित गंभीर धारांए लगाई गई।



### दूसरे दिन सर्वसमाज उतरा सड़कों पर सौंपा ज्ञापन -

इस पूरी घटना के विरोध में दूसरे दिन शुक्रवार को सर्वसमाज के लोग पहले मोटे के महावीर के पास अटल सभागर में एकत्र हुए और वहां से पैदल सड़क मार्च करते हुए छत्रसाल चौराहे से आकाशवाड़ी तिराहा होते हुए कलेक्टर कार्यालय में प्रवेश किया। प्रदर्शन कारियों की मांग थी कि इस गंभीर मामले में सभी आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए और उन्हें गिरफ्तार किया जाए तथा उनके मकानों की नपती कराई जाए साथ ही मकानों की तलाशी ली जाए ताकि यह पता चल सके उनके घरों में क्या क्या हथियार रखे हुए है। हालांकि सर्वसमाज के लोग कलेक्टर को ज्ञापन देना चाहते थे लेकिन कलेक्टर मीटिंग से बाहर नहीं आए तो ज्ञापन का बाचन करके अपर कलेक्टर नमः शिवाय अरजरिया को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन लेने के बाद अपर कलेक्टर ने सर्वसमाज के लोगों को उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। फिलहाल शहर में माहौल तनावपूर्ण है और कभी भी माहौल उग्र हो सकता है, क्योंकि बजरंग दल ने चेतावनी दी है कि यदि कार्यवाही नहीं हुई तो बजरंग दल को उग्र आंदोलन करना पड़ेगा जिसकी जबावदारी प्रशासन की होगी।

### इनका कहना है -

रात की घटना को लेकर हिन्दू संगठनों और अन्य लोगों ने एक ज्ञापन दिया। जिसमें मांग की गई है कि नजूल में बने मकान गिराए जाएें, इस मांग के आधार पर प्रशासन जांच कराएगा और जांच के बाद विधि संम्मत कार्यवाही की जाएगी।

**नमः शिवाय अरजरिया**
**प्रभारी एडीएम, छतरपुर**

### इनका कहना है -

गुरूवार की रात में टौरिया मोहल्ला में एक्सीडेंट की घटना के बाद तीन अलग अलग एफआईआर कोतवाली में दर्ज हुई है, पुलिस के साथ झूमाझपटी के मामले की जांच की जा रही है साथ ही अन्य जो आरोप लग रहे है उनको भी तस्दीक किया जा रहा है और जल्द ही बड़ी कार्यवाही की जाएंगी।

**अरूण कुमार सोनी, सीएसपी, छतरपुर**

## छठवां ऑनलाइन हवनः नकारात्मक शक्तियों पर हनुमान चालीसा का प्रहार

# बागेश्वर धाम में 50 हजार से अधिक लोगों ने एक साथ किया हवन

**छतरपुर।** पूरी दुनिया में सनातन धर्म के प्रचार प्रसार का केंद्र बने बागेश्वर धाम से पिछले 6 माह से लगातार हर माह एक निश्चित तारीख को ऑनलाइन श्री हनुमान चालीसा का हवन किया जा रहा है। इसी क्रम में छठे ऑनलाइन हनुमान चालीसा हवन ने फिर एक बार देश-विदेश के श्रद्धालुओं को एक आध्यात्मिक सूत्र में बांध दिया। नकारात्मक शक्तियों के नाश, परिवारों की सुख-समृद्धि और विश्व कल्याण की कामना के साथ आयोजित इस विशेष हवन में भारत के अलावा अमेरिका, नेपाल, ऑस्ट्रेलिया, फिजी, न्यूजीलैंड सहित 13 देशों के एक लाख से अधिक परिवारों ने ऑनलाइन माध्यम से सहभागिता की।

बागेश्वर धाम पीठाधीश पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की पावन उपस्थिति में श्री हनुमान चालीसा हवन आयोजित हो रहा है। छठे आयोजन में श्रद्धा और आस्था का ऐसा संगम देखने को मिला जहां लाखों श्रद्धालुओं ने एक साथ हनुमान चालीसा यज्ञ में आहुतियां अर्पित कीं। भक्तों का विश्वास है कि हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ और हवन से नकारात्मक ऊर्जा का नाश होता है तथा जीवन में सकारात्मकता और आत्मबल का संचार होता है। देश-विदेश से जुड़े लाखों श्रद्धालुओं ने धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेकर सनातन संस्कृति के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। बागेश्वर धाम परिसर में भी भक्ति का विशाल जनसैलाब उमड़ा। यहां 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने एक साथ बैठकर हवन किया और वातावरण को वैदिक मंत्रों तथा जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयघोष से गुंजायमान कर दिया। उल्लेखनीय है कि 4 दिसंबर 2025 से शुरू हुआ ऑनलाइन हनुमान चालीसा हवन लगातार जारी है।



यह महायज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि विश्वभर में सनातन संस्कृति, आध्यात्मिक जागरण और सामाजिक एकता का संदेश देने का माध्यम बन चुका है। ऑनलाइन माध्यम से हजारों किलोमीटर दूर बैठे श्रद्धालुओं का एक साथ जुडऩा आधुनिक तकनीक और भारतीय आध्यात्मिक परंपरा के अद्भुत संगम का उदाहरण है। हनुमान भक्ति और वैदिक परंपराओं के इस महाअभियान ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि श्रद्धा की शक्ति सीमाओं से परे होती है और सामूहिक प्रार्थना से सकारात्मक ऊर्जा का संचार पूरे समाज तक पहुंचता है।

# जून माह के प्रत्येक शनिवार को विद्यालयों में मनाया जायेगा मेगा अपार दिवस

**छतरपुर।** भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निर्देशानुसार जिले के समस्त विद्यालयों में मेगा अपार दिवस का आयोजन 1 जून से 30 जून 2026 तक प्रत्येक शनिवार को किया जायेगा। ज्ञातव्य है कि अपार आई.डी. छात्रों की उपलब्धियों जैसे परीक्षा परिणाम, समग्र रिपोर्ट कार्ड, छात्रवृत्ति, सीखने के परिणामों के अलावा छात्रों की अन्य उपलब्धियों को डिजिटल रूप से संग्रहित करने में सहायक होगी।

कलेक्टर पार्थ जैसवाल द्वारा आदेश जारी कर समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयकों को निर्देशित किया गया है कि आयुक्त लोकशिक्षण संचालनालय एवं संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र से प्राप्त निर्देशानुसार जिले के प्रत्येक विद्यालय में जून माह में प्रति शनिवार मेगा अपार दिवस का आयोजन किया जाये। जिसमें अपार आई.डी. विहीन विद्यार्थियों की सूची निकाल कर उन्हें दो वर्गों में विभाजित किया जाये। एक जिनके पास आधार है परन्तु अपार आई.डी. नहीं वे छात्र अपार कैम्पों में उपस्थित होकर अपनी अपार आई.डी. बनवाये तथा जिन विद्यार्थियों के पास आधार नहीं है वे छात्र आधार नामांकन केन्द्रों, बैंक, डाकघर के माध्यम से आधार नामांकन प्राथमिकता के आधार पर करायें। तत्पश्चात अपार आई.डी. कैम्प में उपस्थित होकर अपार आई.डी. बनवायें। प्रत्येक विद्यालय में मेगा अपार दिवस की समय सारणी निर्धारित कर सभी संबंधितों को अग्रिम रूप से सूचित करें तथा विद्यालय में इलैक्ट्रिसिटी, इंटरनेट, पंखे, पेयजल और बैठक की व्यवस्था सुनिश्चित करें। अपार दिवस आयोजन का सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार एवं प्रसार सुनिश्चित करें जिससे समस्त छात्रों के पालक/अभिभावक को समय पर सूचना प्राप्त हो सकें। मेगा अपार दिवस के लिए सभी विकासखण्ड द्वारा संकुल/जनशिक्षक को अपार आई.डी. निर्माण का लक्ष्य दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक ने समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयकों को मेगा अपार दिवस के आयोजन की सघन मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए है। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही/ शिथिलता पायें जाने पर संबंधित स्कूल एवं संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी। अपार आई.डी. निर्माण की साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट जिला शिक्षा केन्द्र को प्रेषित करने के निर्देश दिए गए है।

# जल सहेलियों के साथ सीईओ ने किया वृक्षारोपण; बोले- पौधे लगाना ही काफी नहीं, संरक्षण भी हमारी जिम्मेदारी

**बड़ामलहरा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर छतरपुर जिले की जनपद पंचायत बड़ामलहरा अंतर्गत ग्राम पंचायत गरखुवां में परमार्थ समाज सेवी संस्था द्वारा एक भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जल सहेलियों और स्थानीय ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से चंदेली तालाब के किनारे विभिन्न प्रजातियों के फलदार और छायादार पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का एक मजबूत संदेश दिया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत बड़ामलहरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ईश्वर सिंह वर्मा ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए पर्यावरण के प्रति अपनी सोच बदलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल 5 जून के एक दिन के आयोजन तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को हर महीने कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी पूर्ण देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। भारतीय संस्कृति का उदाहरण देते हुए सीईओ वर्मा ने कहा कि हमारे धार्मिक और सांस्कृतिक जीवन में वृक्षों का हमेशा से विशेष महत्व रहा है। माता सीता ने अपनी कठिन घड़ी अशोक वाटिका के वृक्षों के साए में गुजारी, भगवान श्रीकृष्ण का कदंब के वृक्ष से अगाध प्रेम था और भगवान बुद्ध ने बरगद के वृक्ष के नीचे ही परम ज्ञान प्राप्त किया था। यह पौराणिक संदर्भ सिद्ध करते हैं कि पेड़ों के बिना हमारा अस्तित्व अधूरा है। इस दौरान परमार्थ समाज सेवी संस्था के प्रतिनिधि ने वर्तमान दौर में बढ़ते प्रदूषण और तेजी से हो रहे जलवायु परिवर्तन पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज के समय में वृक्षारोपण फैशन नहीं बल्कि हमारी सबसे बड़ी जरूरत बन चुका है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सिर्फ पौधा लगाना हमारी जिम्मेदारी को खत्म नहीं करता, बल्कि उन्हें जीवित रखना और उनका संरक्षण करना ही असली पर्यावरण सेवा है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जल सहेलियों, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, संस्था के कार्यकर्ताओं और भारी संख्या में मौजूद ग्रामीण जनों ने पर्यावरण को बचाने, पानी को सहेजने और अधिक से अधिक पौधे लगाने की सामूहिक शपथ ली। इस महत्वपूर्ण आयोजन में जनपद पंचायत के एपीओ महेश यादव, सरपंच पति साहब सिंह, सचिव हरिनारायण शर्मा, सहित अभिषेक सिंह, लोकेंद्र सिंह बुंदेला, दिनेश चंदेल, अनूप मिश्रा, राममिलन अहिरवार, बबीता राजपूत एवं अनेक जल सहेलियां व ग्रामीणजन सक्रिय रूप से सम्मिलित रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर निगम परिषद की विशेष बैठक संपन्न ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के क्रियान्वयन पर बनी रणनीति

**सिंगरौली,**संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास, भोपाल (मध्य प्रदेश) के दिशा-निर्देशों के परिपालन में आज 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के विशेष अवसर पर नगर पालिक निगम सिंगरौली की एक अत्यंत महत्वपूर्ण विशेष बैठक आयोजित की गई। यह बैठक नगर निगम परिषद के अध्यक्ष देवेश पाण्डेय की अध्यक्षता तथा सिंगरौली विधानसभा के विधायक रामनिवास शाह, महापौर रानी अग्रवाल, मेयर-इन-काउंसिल के सदस्य खुर्शीद आलम, शत्रुघ्न लाल शाह, श्यामला, रुक्मणी देवी, नगर निगम आयुक्त सविता प्रधान एवं सांसद प्रतिनिधि संतोष वर्मा की गरिमामय उपस्थिति में प्रातः 11 बजे से निगम मुख्यालय के परिषद सभागार में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ परम्परा अनुसार राष्ट्रगान के साथ हुआ।बैठक का मुख्य उद्देश्य ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विशेष अभियान की रूपरेखा तैयार करना तथा शहर के विकास और पर्यावरणीय संतुलन से जुड़े विभिन्न नीतिगत विषयों पर विस्तृत चर्चा कर ठोस कार्य योजना तैयार करना था। बैठक में गहन चर्चा और विचार-विमर्श के दौरान यह स्पष्ट किया गया कि नए नियमों के तहत सिंगरौली शहर में कचरा प्रबंधन की पूरी प्रणाली को अपग्रेड किया जाएगा। इसके अंतर्गत स्रोतों पर ही कचरे का पृथक्करण—यानी गीला, सूखा और हानिकारक कचरा अलग-अलग करना अनिवार्य किया जा रहा है और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त चालानी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही, आज से शुरू हो रहे इस विशेष अभियान को जन-आंदोलन का रूप देने के लिए वार्ड स्तर पर पार्षदों के नेतृत्व में स्वच्छता समितियां गठित की जाएंगी, जो नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण और सिंगल-यूज प्लास्टिक के पूर्ण बहिष्कार के प्रति जागरूक करेंगी।पर्यावरण दिवस के संदर्भ में शहर के पारंपरिक जल स्रोतों, तालाबों के पुनरुद्धार और आगामी वर्षा ऋतु के आगमन से पूर्व सभी प्रमुख नालों की वैज्ञानिक तरीके से सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि शहर में जलभराव की स्थिति निर्मित न हो। बैठक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के साथ-साथ शहर की बुनियादी सुविधाओं, जैसे ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करने, हरित क्षेत्रों (ग्रीन बेल्ट) का दायरा बढ़ाने और कचरा प्रसंस्करण प्लांट की कार्यक्षमता को बढ़ाने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही अन्य विषयों के तहत शहर की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु विस्तृत चर्चा की गई।





बैठक के अंत में नगर निगम अध्यक्ष ने कहा कि सिंगरौली को केवल 'ऊर्जाधानी' के रूप में ही नहीं, बल्कि एक स्वच्छ और पर्यावरण-अनुकूल आदर्श शहर के रूप में स्थापित करना हम सभी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी पार्षदों से सिंगरौली को कचरा-मुक्त बनाने में सक्रिय सहयोग की अपील की।ठक में नेता प्रतिपक्ष सीमा जायसवाल, पार्षद सर्वश्री भारतेन्दु पाण्डेय, अनिल बैस, आशीष बैस, रामनरेश शाह, शेखर सिंह, राम गोपाल पाल, विजय कुमार साहू, लालसा यादव, रवींद्र सिंह, अनुष्का यादव, संतोष शाह, श्याम कुमारी शर्मा, कमलेश वर्मा, संजय सिंह, सावनमती कुशवाहा, बबली शाह, बंतो कौर, परमेश्वर पटेल, अंजना शाह सहित नगर निगम के उपायुक्त (डिप्टी कमिश्नर) आर.पी. बैस, कार्यपालन यंत्री संतोष पाण्डेय, आदि अधिकारी-कर्मचारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर एनटीपीसी विंध्याचल का हरित संकल्प : वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**सिंगरौली।** विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा विंध्य अस्पताल परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) श्री संजीब कुमार साहा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्री ए. जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), श्री एम. सुरेश, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं एडीएम), श्री एस. के. सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफएम), डॉ. बी. के. भराली, महाप्रबंधक (चिकित्सा) तथा श्रीमती रूमा दे शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) सहित विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी, उनके परिजन एवं लगभग 150 जेम-2026 की बालिकाएं उत्साहपूर्वक शामिल हुईं। कार्यक्रम के अंतर्गत अस्पताल परिसर में विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कर हरित आवरण बढ़ाने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए श्री संजीब कुमार साहा ने कहा कि "आज लगाया गया प्रत्येक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं हरित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।"कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण की शपथ के साथ हुआ। शपथ का वाचन श्री संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) द्वारा अंग्रेजी में तथा श्री एम. सुरेश, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं एडीएम) द्वारा हिंदी में कराया गया। सभी प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी ने प्रकृति संरक्षण, सतत विकास एवं पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए एनटीपीसी विंध्याचल की प्रतिबद्धता को पुनः सशक्त रूप से प्रदर्शित किया। यह आयोजन हरित एवं स्वच्छ भविष्य के निर्माण हेतु सामूहिक प्रयासों का प्रेरणादायक उदाहरण बना।




# विश्व पर्यावरण दिवस पर खजुराहो में विभिन्न स्थानों पर हुआ वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**खजुराहो।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में मतंगेश्वर सेवा समिति, खजुराहो एवं दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर के प्रमुख पंडित सुधीर शर्मा के संयोजन तथा बुंदेलखंड विकास सहकारी समिति बैंक एवं ग्रीन आर्मी के सहयोग से ग्राम हकीमपुरा स्थित आयुरग्राम में वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।




कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा भावी पीढ़ी को प्रकृति के प्रति उत्तरदायी बनाने का संदेश देना था। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर अपने संक्षिप्त उद्बोधन में पंडित सुधीर शर्मा ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण की रक्षा ही नहीं करते, बल्कि मानव जीवन, संस्कृति और सभ्यता के आधार भी हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए तथा उसका संरक्षण भी करना चाहिए। प्रकृति की सेवा ही मानवता की सच्ची सेवा है। इसके पश्चात सभी प्रतिभागी वुड कैफे फैमिली रेस्टोरेंट पहुंचे, जहां परिसर में भी वृक्षारोपण कर हरित वातावरण के निर्माण में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर राकेश राजोरिया, अभिजीत ओस्माण्ड, कृष्णा प्रसाद (केरल), हरीश अनुरागी, लक्ष्मी कुशवाहा, गीता अहिरवार, किशोरी लाल अहिरवार सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनके संरक्षण का संकल्प लेते हुए पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। वहीं दूसरी ओर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ए.एस.जी. खजुराहो के द्वारा खजुराहो एयरपोर्ट के इलाकों जैसे एटीसी, टर्मिनल बिल्डिंग, एवं सीआईएसएफ बैरक के आस-पास बृहद पैमाने पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम संतोष सिंह विमानपत्तन निदेशक, खजुराहो एयरपोर्ट एवं प्रशांत ईश्वर चव्हान, सहायक कमांडेंट/ कासो, सीआईएसएफ एसजी खजुराहो के मार्ग निर्देशन एवं उपस्थिति में संपन्न हुआ। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान सीआईएसएफ के अधिकारियों एवं बल सदस्यों, खजुराहो एयरपोर्ट के अधिकारियों , इंडिगो एयरलाइन के अधिकारियों एवं स्टाफ तथा एयरपोर्ट पर काम करने वाले अन्य कार्मिकों द्वारा भी वृहद पैमाने पर वृक्षारोपण किया गया।

## खबर संक्षेप



### बक्सवाहा में एक पेड़ मां के नाम अभियान का आगाज, सीसीएफ ने किया पौधारोपण

**बक्सवाहा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन परिक्षेत्र बक्सवाहा के अमोदा बैरियर परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य वन संरक्षक नरेश सिंह यादव ने पौधारोपण कर जिले में इस वर्ष के वृहद पौधारोपण अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। सीसीएफ नरेश सिंह यादव ने कहा कि बढ़ते पर्यावरणीय संकट और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच वृक्षारोपण ही आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य देने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से पौधारोपण को केवल औपचारिकता न मानते हुए पौधों के संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान सीसीएफ ने वन अमले की बैठक भी ली और वन एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जंगलों की सुरक्षा, अवैध कटाई की रोकथाम तथा वन्य जीवों के संरक्षण के लिए सतत निगरानी और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### रिटायर्ड आरआई के सूने मकान में चोरों का धावा, वारदात सीसीटीव्ही में कैद



**छतरपुर।** शहर में बदमाशों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। दिनदहाड़े और देर रात होने वाली चोरियों ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ताजा मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के पठापुर रोड का है, जहाँ चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। यह पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।जानकारी के अनुसार, पठापुर रोड पर रहने वाले रिटायर्ड आरआई सुरेशचंद्र अवस्थी का परिवार किसी काम से बाहर गया हुआ था। मकान को सूना पाकर अज्ञात चोरों ने मुख्य गेट का ताला तोड़ा और भीतर दाखिल हो गए। चोरों ने घर के अंदर रखी अलमारी और गल्ले को खंगालते हुए 10 हजार रुपये नकद, सोने की बालियां और 5 चांदी के सिक्के पार कर दिए। चोरी गए कुल मसरूके की कीमत लगभग 20 हजार रुपये आंकी जा रही है। जब परिवार वापस लौटा, तो घर का ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए। अंदर का सामान बिखरा पड़ा था और नगदी सहित जेवरात गायब थे। गृहस्वामी ने तत्काल इसकी सूचना सिटी कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। घर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने पर अज्ञात चोर चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए साफ नजर आ रहे हैं। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को अपने कब्जे में ले लिया है और हुलिये के आधार पर चोरों की शिनाख्त व गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पठापुर रोड और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाई जानी चाहिए ताकि ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

### कट्टे की नोक पर लूट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, हथियार और कारतूस बरामद



**लवकुशनगर।** गौरिहार थाना क्षेत्र में ट्रक चालक और उसके हेल्पर से कट्टे की नोक पर लूट करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से एक देशी कट्टा, जिंदा कारतूस और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।एसडीओपी नवीन दुबे ने प्रेस वार्ता में बताया कि 3 जून की रात करीब 10:30 बजे ट्रक चालक सुमित सिंह राजपूत निवासी गुरसानी थाना गढ़ीमलहरा अपने हेल्पर के साथ गौरिहार थाना क्षेत्र के सिचहरी तिगैला में भोजन कर रहा था। इसी दौरान दो युवक वहां पहुंचे और कट्टा दिखाकर रुपये मांगने लगे। आरोपियों ने हेल्पर को पास के खेत में ले जाकर उसके साथ मारपीट की तथा भय दिखाकर फोन-पे के माध्यम से 5 हजार ट्रांसफर कराए। इसके अलावा जेब में रखी नकदी भी छीनकर फरार हो गए।

# 20 की स्पीड से बाईपास में आवागमन शुरू, 5 अप्रैल से बंद था वाहनों का आवागमन, लोड टेस्टिंग रिपोर्ट में ओके हुआ बायपास पुल

रीवा।

लोड टेरिंग रिपोर्ट में बाईपास पुल को ओके कर दिया गया है हालाकि यहां से 20 की रफ्तार में ही वाहन पुल को क्रास करेंगे लेकिन इसके शुरू हो जने के बाद से शहर में लगने वाले जाम से लोगों को रहत मिलेगी तो वहीं धुल भी कम होगी सबसे अधिक परेशानी बोदा मनकहरी मार्ग में हो रही थी। बता दें कि बायपास मार्ग में बीहर नदी पर बने पुराने पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण बंद हुआ वाहनों का आवागमन दो माह बाद पुल की मरम्मत पूरी होने पर शुक्रवार सुबह 6.00 बजे से प्रारंभ कर दिया गया है, लेकिन एहतियात के तौर पर पुल से सभी वाहन 20 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से ही निकल सकेगे। पुल के क्षतिग्रस्त होने के बाद इसकी मरम्मत के लिए विगत 5 अपैल को वाहनों के आवागमन के लिए बंद कर दिया गया था। बायपास बीहर पुल से वाहनों का आवागमन शुरू हो जाने से भारी वाहनों को शहर से होकर गुजरना नहीं पड़ेगा और न ही रात 11





बजे तक नोइंट्री खुलने का इंतजार करना पड़ा ।शहर को भी रात भर की धमाचौकड़ी से राहत मिली। रोज निर्मित होती थी जाम की स्थितिजिला प्रशासन द्वारा पुल से आवागमन चालू करने के लिए दी गई डेड लाइन की तारीख कई बार समाप्त होने के बाद इसे चालू करने का भारी दवाब था। इस पुल के बंद हो जाने से भारी वाहनों के साथ साथ आसपास के गांवों के लोग भी परेशान थे। उनके लिए भी यह महत्वपूर्ण मार्ग था। बहरहाल पुल से आवागमन बहाल हो जाने से सभी को राहत मिली है। मप्र सड़क विकास निगम के प्रभारी संभागीय प्रबंधक अंशुल करोडिया ने बताया कि पुल में बेयरिंग लगाने तथा सुधार के सभी कार्य पूरे हो गए हैं। विशेषज्ञों की निगरानी में पुल की टेस्टिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है। पुल पर से 5 जून को सुबह 6 बजे से नियंत्रित तरीके से वाहनों की आवाजाही शुरू हुई। पुल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अभी इससे वाहन अधिकतम 20 किलोमीटर की गति से निकले। वाहनों की स्पीड रोकने की कोई व्यवस्था नहींबायपास बीहर नदी के पुल से वाहनों का यातायात बहाल करके मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा पुल पर वाहनों की स्पीड 20 किलो मीटर प्रति घंटा अवश्य निर्धारित की गई है। लेकिन वाहनों की स्पीड रोकने के लिए कोई व्यवस्था नहीं बनाई गई है। बायपास मार्ग में तेज रफ्तार से चलने वाले वाहनों की स्पीड आखिर कैसे कम होकर नियंत्रित हो पाएगी। पुल के दोनों तरफ स्पीड ब्रेकर तक नहीं बनाये गये हैं। बिना स्पीड ब्रेकर के कोई भी वाहन स्पीड क्यो कम करेगा। जब बीच शहर के गुजरने के दौरान ही फर्राटा मारते हुए चलते थे तो अब वे बायपास पुल से धीमी गति से भला क्यों चलेंगे। इसके लिए स्पीड ब्रेकर बनाना ही होगा।नई पुल बनाने के काम में तेजीपुराने पुल के बगल में नई पुल का काम भी तेजी से चल रहा है। इस पुल के आखिरी पिलर का निर्माण किया जा रहा है। जिस गति निर्माण कार्य किया जा रहा है उससे लगता है कि जल्द ही नई पुल को तैयार कर दिया जाएगा।

# पर्यावरण की सुरक्षा के लिए हर व्यक्ति हर साल कम से कम एक पौधा लगाए: कमिश्नर अध्यक्ष नगर निगम तथा कमिश्नर ने रोपे पौधे

रीवा । विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रीवा संभाग के सभी जिलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। संभागीय मुख्यालय में मुख्य कार्यक्रम शासकीय इंजीनियरिंग कालेज परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रीवा नगर निगम के अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय तथा रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने पौधे रोपित किए। कार्यक्रम में आयुक्त नगर निगम तथा प्रभारी कलेक्टर अक्षत जैन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर एवं अन्य अधिकारियों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी पौधे रोपित किए। कार्यक्रम का आयोजन नगर निगम रीवा तथा जन अभियान परिषद द्वारा किया गया। इस अवसर पर कमिश्नर श्री जामोद ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए हर व्यक्ति को हर साल कम से कम एक पौधा रोपित करना आवश्यक है। धरती पर जीवन तभी सुरक्षित रहेगा जब इस पर हरियाली की चादर होगी। शहरीकरण, औद्योगीकरण तथा अन्य विकास कार्यों में नष्ट होने वाले पौधों की तुलना में हमें दोगुने वृक्ष लगाने चाहिए। हमारे पूर्वज हमें हरी-भरी धरती सौंप के गए थे जिससे हमारा जीवन सुरक्षित रहा। भावी पीढ़ी के जीवन की सुरक्षा के लिए वृक्षारोपण ही एकमात्र उपाय है। विश्व पर्यावरण दिवस के साथ-साथ हम वर्ष भर पौधे रोपित करें तथा उनकी उचित देखभाल करके उन्हें तैयार करें। वृक्ष ही हमारे लिए जीवनदायिनी ऑक्सीजन के कारखाने हैं। इनका विनाश हमारे प्राणों पर संकट लेकर आएगा। कमिश्नर ने उपस्थितों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में उपायुक्त नगर निगम प्रकाश द्विवेदी, संभागीय समन्वयक जन अभियान परिषद प्रवीण पाठक,






डॉ. मुकेश येंगल तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर किसानों को किया गया जागरूक

रीवा । विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कृषि विभाग द्वारा जिले भर में विभिन्न आयोजनों के माध्यम से किसानों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया गया। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि रीवा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत अजगरहा में पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम में किसानों को खरीफ फसलों में खाद के संतुलित उपयोग, नरवाई प्रबंधन, आधुनिक कृषि तकनीक तथा प्राकृतिक खेती का संदेश दिया गया। किसानों को मिट्टी का परीक्षण कराकर मृदा कार्ड बनाने एवं मृदा कार्ड के अनुसार खेत में फसल लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में किसानों को ई विकास प्रणाली से ई टोकन के माध्यम से खाद वितरण की जानकारी भी दी गई। किसानों को बताया गया कि सहकारी समितियों, डबल लॉक सेंटर तथा निजी विक्रेताओं से अब केवल ई टोकन के माध्यम से ही खाद प्राप्त होगी। किसान अपनी फार्मर आईडी के माध्यम से स्लॉट बुक करके ई टोकन प्राप्त करें। इसी के माध्यम से खाद का वितरण किया जाएगा। किसानों को उनके पंजीकृत फसल के रकबे के अनुसार ही खाद मिलेगी। कार्यक्रम के बाद उप संचालक कृषि तथा किसानों ने पौधारोपित करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



# सांसद निवास का घेराव करने निकले एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका, आदिवासी छात्रों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

रीवा। अनुसूचित जनजाति छात्रावास में व्याप्त अव्यवस्थाओं और आदिवासी छात्रों की मूलभूत समस्याओं को लेकर शुक्रवार को एनएसयूआई और यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी छात्र संगठन सांसद जनार्दन मिश्रा के आवास का घेराव करने के लिए रैली के रूप में निकले, लेकिन पुलिस प्रशासन ने बीच रास्ते में बैरिकेडिंग कर उन्हें रोक दिया। इसके बाद छात्र नेताओं ने प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के निराकरण की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व एनएसयूआई के टीआरएस कॉलेज अध्यक्ष नित्कर्ष मिश्रा ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र एवं युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि शहर के सिविल लाइन क्षेत्र स्थित अनुसूचित जनजाति छात्रावास में रहने



वाले आदिवासी छात्र लंबे समय से बुनियादी सुविधाओं के अभाव में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। छात्रावास में गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वच्छ पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था नहीं है, जिससे छात्रों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान छात्र नेताओं ने कहा कि सरकार एक ओर युवाओं और छात्रों के कल्याण के बड़े-बड़े दावे करती है, वहीं दूसरी ओर छात्रावासों में रहने वाले आदिवासी छात्रों की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बार संबंधित अधिकारियों के समक्ष समस्याएं उठाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिसके कारण छात्रों में भारी नाराजगी है।सांसद आवास की ओर बढ़ रहे प्रदर्शनकारियों को पुलिस बल ने निर्धारित मार्ग पर ही रोक दिया। मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों ने छात्र नेताओं से चर्चा की तथा उनकी समस्याएं सुनीं। इसके बाद एनएसयूआई एवं यूथ कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने आदिवासी छात्रों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा। ज्ञापन में छात्रावास में गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने, स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने, छात्रावास की साफ-सफाई एवं रखरखाव में सुधार करने सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की गई है। प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा तथा संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए जाएंगे। हालांकि छात्र नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो छात्र संगठन आगामी दिनों में उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर निगम परिषद की विशेष बैठक सम्पन्न ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 पर हुई विस्तृत चर्चा



रीवा। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिक निगम रीवा की 19वीं विशेष परिषद बैठक शुक्रवार को परिषद सभागार में सभापति व्यंकटेश पाण्डेय की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। बैठक में महापौर अजय मिश्रा (बाबा), निगम आयुक्त अक्षत जैन, एम आई सी सदस्य, पार्षदगण तथा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान स्रोत स्तर पर चार प्रकार से अनिवार्य कचरा पृथक्करण, वार्ड स्तर पर जनजागरूकता अभियान संचालित करने, स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के विभिन्न आयामों तथा शहर की स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विषयों पर सार्थक विचार-विमर्श किया गया। बैठक महापौर अजय मिश्रा (बाबा) ने कहा कि शहर हमारा है और इसकी स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष निगरानी रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से स्वच्छता व्यवस्था में निरंतर सुधार के लिए सजग एवं सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। चर्चा के दौरान एमआईसी सदस्य धनेन्द्र सिंह बघेल, मनीष नामदेव, नेता प्रतिपक्ष दीनानाथ वर्मा, पार्षद अंबुज रजक, समीर शुक्ला, श्रीमती नम्रता सिंह, राजीव शर्मा तथा सालिकराम नापित (कैप्टन), विधायक प्रतिनिधि श विवेक दुबे ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 एवं कचरा संग्रहण व्यवस्था, कचरा पृथक्करण तथा नालियों की नियमित सफाई को लेकर अपने सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के पालन को सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक में श्रीमती शिवराज डॉ. सी.एल. रावत, श्रीमती ममता कृष्णाकर कुशवाहा, श्रीमती सपना वर्मा, राजीव शर्मा छोटू, शधनेन्द्र सिंह बघेल, श्रीमती विमला सिंह पुत्र सतीश सिंह, श्रीमती अमिता वीरेन्द्र सिंह, श्रीमती नम्रता संजय सिंह बघेल, रवि तिवारी, श्रीमती नीतू अशोक पटेल (झब्बू), सालिकराम नापित (कैप्टन), अंबुज रजक (गोलू), समीर शुक्ला (गोलू), दीनानाथ वर्मा, संजय खांन, श्रीमती पूजा प्रमोद सिंह, मनीष नामदेव मन्नू, श्रीमती ज्योति कबीर पाँसा, श्रीमती ज्योति नामदेव, श्रीमती रूकसाना मो0 हनीफ, श्रीमती रमा दुबे, श्रीमती सरस्वती नन्दलाल ताम्रकार, श्रीमती नजमा बेगम, अख्तर अली (मुन्ना भइया), सूरज केवट (बब्बू), श्रीमती गायत्री लखन खण्डेलवाल, राजबहोर चर्मकार उर्फ राजू, सुश्री आरती बक्सरिया, श्रीमती नीलू कटारिया, श्रीमती सुफिया सहफूज खान, गुलाम अहमद, श्रीमती आशा कुशवाहा, गंगा प्रसाद यादव, सांसद प्रतिनिधि रमाशंकर गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि विवेक दुबे उपस्थित रहें

# रोजगार मेले में 17 दिव्यांगों को मिला रोजगार

रीवा । जिला रोजगार कार्यालय तथा सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम कार्यक्रम के तहत दिव्यांगों के लिए मानस भवन में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में 30 दिव्यांगों द्वारा अपना पंजीयन कराया गया। रोजगार मेले में शामिल निजी क्षेत्र की पांच कंपनियों ने 17 दिव्यांगों का प्रारंभिक रूप से चयन किया। उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में यूनो मिडा लिमिटेड में एक, टाटा ऑटो क्राफ्ट प्रा. लिमिटेड में 9, गोदरेज कांज्यूमर प्रोडेक्टस लि. में 4 तथा मैरिको लिमिटेड में 3 दिव्यांगों का प्रारंभिक रूप से चयन किया गया।

## बिछिया थाना प्रभारी प्रशिक्षु आई पी एस राजीव अग्रवाल का कार्यकाल पूरा, पुलिस स्टाफ ने दी विदाई

# सीएसपी राजीव पाठक थाना प्रभारी मनीषा उपाध्याय एवं हितेंद्र नाथ शर्मा सहित पूरा स्टाफ रहा मौजूद

रीवा। जिले के बिछिया थाना में थाना प्रभारी के रूप में पदस्थ प्रशिक्षु आईपीएस राजीव अग्रवाल का तीन महीने का व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। इस अवसर पर बिछिया थाने में एक गरिमापूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस अधिकारियों और स्टाफ ने उनके सफल कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी।विदाई समारोह में मुख्य रूप से नगर पुलिस अधीक्षक राजीव पाठक,थाना प्रभारी मनीषा उपाध्याय,हितेंद्र नाथ शर्मा सहित थाने का पूरा स्टाफ मौजूद रहा।विदाई कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने आईपीएस राजीव अग्रवाल के तीन महीने के कार्यकाल को बेहद सफल और प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कानून व्यवस्था बनाए रखने और जनता से बेहतर समन्वय स्थापित करने में उनके योगदान की प्रशंसा की सीएसपी राजीव पाठक और थाना प्रभारी मनीषा उपाध्याय हितेंद्र नाथ शर्मा ने राजीव अग्रवाल के उज्वल भविष्य की कामना की विदाई के अवसर पर प्रशिक्षु आईपीएस राजीव अग्रवाल ने बिछिया थाना स्टाफ के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और रीवा में मिले इस व्यावहारिक अनुभव को अपने करियर के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।




# अपार आईडी बनाने के लिए 6 जून को सभी स्कूलों में लगेंगे शिविर

रीवा ।

जिले के सभी शासकीय स्कूलों में कक्षा नर्सरी से 12वीं तक अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाई जा रही है। इसके लिए सभी स्कूलों में 6 जून को अपार आईडी मेगा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इस संबंध में जिला समन्वयक शिक्षा मिशन राजेश तिवारी ने बताया कि शिक्षकों के माध्यम से अभिभावकों को शिविर के संबंध में जानकारी दी गई है। सभी प्राचार्य और प्रधानाध्यापक अपने स्कूल में अपार आईडी के लिए शिविर लगाकर सभी छूटे हुए विद्यार्थियों की अपार आईडी बनवाएं। शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए अपार आईडी आवश्यक है। अपार आईडी के माध्यम से विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम, समग्र रिपोर्ट कार्ड, छात्रवृत्ति वितरण तथा अन्य उपलब्धियों को डिजिटल रूप से दर्ज करने की भी सुविधा है। सभी प्रधानाध्यापक शिविर समाप्त होने के बाद इसका प्रतिवेदन बीआरसी के माध्यम से प्रस्तुत करें।

# पुजारी का बेटा दोस्तों को दिखा रहा था कट्टा, अचानक चली गोली, 13 वर्षीय बालक घायल, साईं मंदिर के पास चली थी गोली, आरोपी फरार; साथी हिरासत में

रीवा। शहर के रानीतालाब स्थित साईं मंदिर परिसर में गुरुवार शाम हुए गोलीकांड का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। जांच में सामने आया है कि मंदिर के पुजारी का पुत्र अपने दोस्तों के साथ अवैध कट्टे की जांच-परख कर रहा था। इसी दौरान अचानक कट्टे से गोली चल गई, जो मंदिर परिसर में मौजूद 13 वर्षीय बालक के पैर में जा धंसी। घटना के बाद मंदिर परिसर में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल निर्मित हो गया था। पुलिस के अनुसार इस पूरे घटनाक्रम का मुख्य आरोपी पुजारी का पुत्र जतिन साकेत है, जो घटना के बाद से फरार चल रहा है। वहीं उसका साथी शिवम कुशवाहा पुलिस की हिरासत में है और उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस अब इस बात की भी जांच कर रही है कि युवकों तक अवैध हथियार कैसे पहुंचा और इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं। जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रानीतालाब स्थित साईं मंदिर में गुरुवार को भंडारे का आयोजन किया गया था। मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। इसी दौरान शाम करीब चार बजे अचानक गोली चलने की आवाज सुनाई दी। गोली 13 वर्षीय ऋषि कुमार सिंह गौड़ के पैर में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना होते ही मंदिर परिसर में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। लोग कुछ समझ पाते उससे पहले बालक खून से लथपथ जमीन पर गिर पड़ा। परिजन और स्थानीय लोग तत्काल उसे उपचार के लिए संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय लेकर पहुंचे चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसका ऑपरेशन किया और पैर में फंसी गोली बाहर निकाली। फिलहाल बालक की हालत खतरे से बाहर है और स्वास्थ्य में लगातार सुधार हो रहा है। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को बताया था कि गोली मंदिर के पुजारी के पुत्र के हाथों चली है। घायल बालक के परिजनों ने भी प्रारंभिक बयान में पुजारी पुत्र पर गंभीर आरोप लगाए थे। इसके बाद सिटी कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए और पूरे मामले की गहन जांच शुरू की। जांच के दौरान सामने आए तथ्यों ने प्रत्यक्षदर्शियों के आरोपों की पुष्टि कर दी।कट्टा शिवम ने दिया, जतिन चला रहा था



हथियारएडिशनल एसपी आरती सिंह ने बताया कि पुलिस जांच में पता चला है कि अवैध कट्टा शिवम कुशवाहा के पास था। घटना के समय शिवम और जतिन साकेत दोनों कट्टे को देख रहे थे तथा उसकी जांच-परख कर रहे थे। इसी दौरान लापरवाहीवश ट्रिगर दब गया और गोली चल गई। गोली सीधे वहां मौजूद ऋषि कुमार सिंह गौड़ के पैर में जा लगी। पुलिस का कहना है कि हथियार पूरी तरह अवैध था और युवकों के पास उसका कोई वैध लाइसेंस नहीं था। गोली चलने के बाद आरोपी जतिन साकेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है और संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। दूसरी ओर शिवम कुशवाहा को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अवैध हथियार कहां से आया, पुलिस के सामने सबसे बड़ा सवालघटना के बाद अब पुलिस की जांच का केंद्र अवैध कट्टे का स्रोत बन गया है। अधिकारियों का कहना है कि यह जानना बेहद जरूरी है कि आखिर शहर के बीचोंबीच रहने वाले युवकों तक हथियार कैसे पहुंचा। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि क्या आरोपी युवक पहले भी हथियार का उपयोग कर चुके हैं अथवा किसी आपराधिक गिरोह या अवैध हथियार तस्करों से उनका संपर्क रहा है। यदि जांच में हथियार तस्करी के नेटवर्क की पुष्टि होती है तो मामले में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी भी हो सकती है।




# एसजीएमएच में लगी एसी की कॉपर वायर चोरी, कर्मचारियों की भूमिका पर भी संदेह, अस्पताल की सुरक्षा पर हर साल करोड़ों खर्च, फिर भी नहीं थम रहीं चोरियां

रीवा।

विंध्य क्षेत्र के सबसे बड़े शासकीय चिकित्सा संस्थान संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय (एसजीएमएच) की सुरक्षा व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। अस्पताल परिसर की सुरक्षा पर प्रतिवर्ष करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। ताजा मामले में अस्पताल परिसर में स्थापित एयर कंडीशनर (एसी) की कॉपर वायर चोरी होने का खुलासा हुआ है, जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, गांधी मेमोरियल अस्पताल के शिशु रोग विभाग में डॉक्टर ड्यूटी रूम एवं वार्डों में लगी पांच एसी मशीनें लंबे समय से बंद पड़ी थीं। विभाग द्वारा इसकी सूचना अस्पताल प्रबंधन को दी गई थी। इसके बाद जब एसी सुधार कार्य के लिए तकनीशियन को बुलाया गया तो जांच के दौरान पता चला कि एसी यूनिट से आउटडोर मशीन तक जाने वाली कई मीटर लंबी कॉपर वायर गायब है। घटना सामने आने के बाद अस्पताल प्रशासन के बीच अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि चोरी सुनियोजित तरीके से की गई है। अस्पताल अधीक्षक ने भी कर्मचारियों की संभावित संलिप्तता से इनकार नहीं किया है। उनका कहना है कि अस्पताल परिसर में चौबीसों घंटे सुरक्षा व्यवस्था मौजूद रहने के बावजूद इतनी बड़ी चोरी होना गंभीर विषय है और इसकी विस्तृत जांच कराई जाएगी। गौरतलब है कि मेडिकल कॉलेज से संबद्ध संजय गांधी अस्पताल, गांधी मेमोरियल अस्पताल एवं सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की सुरक्षा और सफाई व्यवस्था का जिम्मा निजी एजेंसियों को सौंपा गया है। इन व्यवस्थाओं पर हर वर्ष करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं।अस्पताल परिसर के विभिन्न हिस्सों में सुरक्षा गार्डों की तैनाती भी रहती है, इसके बावजूद चोरी की घटनाओं का लगातार सामने आना सुरक्षा व्यवस्था की प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर रहा है। इससे पहले भी अस्पताल परिसर से इलेक्ट्रिकल उपकरण, मेडिकल सामग्री तथा मरीजों एवं उनके परिजनों के सामान चोरी होने की शिकायतें सामने आती रही हैं। हालांकि अधिकांश मामलों में चोरों तक पहुंचने में सफलता नहीं मिल सकी है।कर्मचारियों की भूमिका की भी होगी जांचअस्पताल अधीक्षक ने बताया कि जिस स्थान से कॉपर वायर चोरी हुई है, वहां आम लोगों की पहुंच सीमित रहती है। ऐसे में घटना में किसी अंदरूनी व्यक्ति की भूमिका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि मामले की विभागीय जांच कराई जाएगी तथा सुरक्षा एजेंसी की जवाबदेही भी तय की जाएगी।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर बहुती जलप्रपात बना हरित संकल्प का केंद्र : कलेक्टर

मऊगंज। 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले के प्रसिद्ध बहुती जलप्रपात परिसर में ''एक पेड़ माँ के नाम'' पर्यावरण उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत वृहद पौधरोपण एवं पर्यावरण संरक्षण शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर संजय कुमार जैन की उपस्थिति में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, समाजसेवियों एवं युवाओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।बहुती जलप्रपात जैसे प्राकृतिक एवं पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल पर आयोजित इस कार्यक्रम ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने तथा हरित एवं स्वच्छ मऊगंज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण संदेश दिया। कलेक्टर संजय कुमार जैन द्वारा पौधरोपण कर किया गया। उन्होंने पीपल, आम, महुआ, इमली, शीशम एवं वाटर पाम सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर जिलेवासियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने सामूहिक रूप से पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन एवं अधिकाधिक वृक्षारोपण करने की शपथ ली। कलेक्टर ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण संतुलन के लिए ही नहीं, बल्कि मानव जीवन, जैव विविधता एवं आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान भावनात्मक रूप से समाज को प्रकृति संरक्षण से जोड़ने का अभिनव प्रयास है। प्रत्येक व्यक्ति यदि अपनी माता के सम्मान में एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प ले, तो पर्यावरण संरक्षण का यह अभियान जनआंदोलन का रूप ले सकता है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन, बढ़ते तापमान एवं पर्यावरणीय चुनौतियों के वर्तमान दौर में वृक्षारोपण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जिले में वर्षाकाल के दौरान व्यापक स्तर पर पौधरोपण अभियान संचालित किया जाएगा, जिसमें सभी विभागों, सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष नईगढ़ी नागिता गुप्ता, जनपद अध्यक्ष नईगढ़ी ममता कुंज बिहारी तिवारी, जनपद पंचायत अध्यक्ष मऊगंज नीलम इन्द्रपाल सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर पी.के. पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह, एसडीएम मऊगंज एपी द्विवेदी, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जन अभियान परिषद से संबद्ध स्वैच्छिक संगठन, समाजसेवी, व्यापारी वर्ग एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

